मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 16

अनुक्रमांक

नाम

932

# 825(FE)

## 2013

सामाजिक विज्ञान

केवल प्रश्नपत्र

( ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत, पर्यावरणीय अध्ययन, नागरिक जीवन एवं आर्थिक विकास )

समय : तीन घण्टे 15 मिनट ] [ पूर्णांक : 70

**निर्देश :** प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं ।

*निर्देश :* i) यह प्रश्नपत्र दो खण्डों **क** एवं **ख** में विभाजित है । प्रत्येक खण्ड के सभी प्रश्न एक साथ हल करना आवश्यक है । प्रत्येक खण्ड का उत्तर नए पृष्ठ से प्रारम्भ किया जाय ।

[ Turn over



ii) प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक उसके सम्मुख अंकित हैं ।

iii) प्रश्नपत्र में **चार** प्रकार के प्रश्न हैं — बहुविकल्पीय, अति लघु उत्तरीय, लघु उत्तरीय व विस्तृत उत्तरीय जिनके सम्बन्ध में निर्देश उनके आरम्भ में दिये गये हैं ।

iv) **क** तथा **ख** खण्डों हेतु दिये गये मानचित्रों को उत्तर-पुस्तिका में मजबूती के साथ संलग्न करना आवश्यक है ।

v) दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिये मानचित्र कार्य के स्थान पर अलग से **खण्ड - क** में प्रश्न संख्या 14 तथा **खण्ड - ख** में प्रश्न संख्या 28 के उत्तर लिखने के लिये दिये गये हैं ।

## खण्ड – क

### ( बहुविकल्पीय प्रश्न )

**निर्देश :** सही विकल्प चुनकर उसे अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिये ।

1. 'गुरुत्वाकर्षण' के सिद्धान्त का प्रतिपादक कौन था ?

   (क) केपलर

   (ख) न्यूटन

   (ग) रोजर बेकन

   (घ) गैलीलियो । 1

2. समुद्री मार्ग द्वारा सर्वप्रथम भारत पहुँचने वाला व्यक्ति कौन था ?

   (क) सर फ्रांसिस ड्रेक

   (ख) मैगलेन

   (ग) वास्को डि गामा

   (घ) कोलम्बस । 1

[ Turn over



3. 'बोस्टन चाय पार्टी' घटना किस देश की क्रान्ति से संबंधित है ?

   (क) अमेरिका

   (ख) रूस

   (ग) फ्रांस

   (घ) इंग्लैण्ड । 1

4. इलाहाबाद उच्च न्यायालय की खण्डपीठ कहाँ स्थापित है ?

   (क) मेरठ

   (ख) आगरा

   (ग) लखनऊ

   (घ) वाराणसी । 1

5. कांग्रेस ने सन् 1942 में 'भारत छोड़ो आन्दोलन' प्रस्ताव कहाँ पारित किया था ?

   (क) इलाहाबाद

   (ख) बम्बई

   (ग) कलकत्ता

   (घ) मद्रास । 1

6. निम्नलिखित में से कौन-सा एक तत्व भारतीय विदेश नीति का आधार नहीं है ?

(क) विश्व शान्ति की स्थापना में सहयोग

(ख) अन्तरराष्ट्रीय कानून का पालन

(ग) उपनिवेशवाद का समर्थन

(घ) सैनिक गुटबन्दियों से पृथकता । 1

**( अति लघु उत्तरीय प्रश्न )**

7. औद्योगिक क्रान्ति का अर्थ स्पष्ट करते हुए किन्हीं **दो** कारणों को लिखिए जिनसे इंग्लैण्ड में इसका सर्वप्रथम विस्तार हुआ । $1+\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

8. द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद विश्व शान्ति की स्थापना के लिए किस अंतरराष्ट्रीय संस्था की स्थापना की गई ? इसके किन्हीं **दो** अंगों के नाम लिखिए । $1+\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$





9. यदि राज्य विधान सभा में किसी भी राजनीतिक दल को स्पष्ट बहुमत न मिले तो राज्यपाल किसे मुख्यमंत्री नियुक्त करेगा ? 2

**( लघु उत्तरीय प्रश्न )**

10. सांप्रदायिकता की भावना किस प्रकार लोकतंत्र के सिद्धान्तों के विपरीत है ? इस भावना को दूर करने के कोई **दो** उपाय लिखिये । 1 + 1 + 1

**अथवा**

विधान सभा के अध्यक्ष का निर्वाचन कैसे होता है ? उसके कोई **चार** कार्य लिखिये । $1+\frac{1}{2}+\frac{1}{2}+\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

11. दक्षेस ( सार्क ) की स्थापना कब और कहाँ हुई ? इसके किन्हीं **दो** उद्देश्यों को लिखिए । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}+1+1$

**अथवा**

भारत में उपराष्ट्रपति के निर्वाचन की क्या प्रक्रिया है ? क्या कोई व्यक्ति इस पद पर दोबारा निर्वाचित हो सकता है ?

2 + 1

( दीर्घ उत्तरीय प्रश्न )

12. स्वामी दयानन्द और राजा राममोहन राय ने हिन्दू समाज में कुरीतियों और अंध-विश्वासों को हटाने के लिए क्या प्रयास किए ? क्या इन प्रयासों ने हिन्दू समाज के आधुनिकीकरण में कोई योगदान दिया ? 2 + 2 + 2

**अथवा**

महात्मा गाँधी ने भारत की स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए असहयोग और सविनय अवज्ञा आन्दोलन चलाये । इन दोनों आन्दोलनों का परिचय देते हुए बताइए कि क्या ये दोनों अपने उद्देश्यों में सफल रहे । 2 + 2 + 2

13. किसी देश के संविधान में न्यायपालिका की स्वतंत्रता का क्या महत्व है ? भारतीय संविधान में न्यायपालिका किस प्रकार नागरिकों के अधिकारों की सुरक्षा करती है ? 2 + 4

**अथवा**

भारतीय संसद के दोनों सदनों के सदस्यों की निर्वाचन प्रक्रिया में क्या अन्तर है ? लोकसभा और राज्यसभा में से कौन-सा सदन किस प्रकार अधिक शक्तिशाली है ? क्यों ? 3 + 3

[ Turn over



( मानचित्र सम्बन्धी प्रश्न )

14. निम्नलिखित स्थानों को भारत के मानचित्र में ⊙ चिह्न द्वारा नाम सहित दर्शाइए । सही नाम तथा सही स्थिति के लिये $\frac{1}{2}$, $\frac{1}{2}$ अंक निर्धारित हैं :

(i) वह नगर जहाँ सन् 1907 में हुए अधिवेशन में कांग्रेस दो गुटों में बंट गई । $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

(ii) वह नगर जहाँ स्वामी दयानन्द ने आर्य समाज की स्थापना की । https://www.upboardonline.com $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

(iii) वह स्थान जहाँ भारतीय वायुसेना का मुख्यालय स्थापित है । $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

(iv) वह स्थान जहाँ स्वर्णमंदिर स्थापित है । $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

(v) वह नगर जिसे 1857 की क्रान्ति के समय नाना साहब ने अंग्रेजों से छीन लिया । $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

( केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिये मानचित्र कार्य के विकल्प के रूप में )

**निर्देश :** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए । मानचित्र का प्रयोग न कीजिए ।

(i) उस नगर और राज्य का नाम लिखिये जहाँ सन् 1907 में हुए अधिवेशन में कांग्रेस दो गुटों में बंट गई । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(ii) उस नगर और राज्य का नाम लिखिये जहाँ स्वामी दयानन्द ने आर्य समाज की स्थापना की । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iii) उस नगर तथा राज्य का नाम लिखिये जहाँ भारतीय वायु सेना का मुख्यालय स्थापित है । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iv) उस नगर और राज्य का नाम लिखिये जहाँ स्वर्ण मंदिर स्थित है । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(v) उस नगर और राज्य का नाम लिखिये जिसे सन् 1857 के स्वतंत्रता संग्राम के समय नाना साहब ने अंग्रेजों से छीन लिया । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$





## खण्ड - ख

### ( बहुविकल्पीय प्रश्न )

**निर्देश :** निम्नलिखित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए :

15. निम्नलिखित में से सबसे लम्बी नदी कौन है ?

(क) यमुना

(ख) गोदावरी

(ग) कावेरी

(घ) ताप्ती । 1

16. भारत में विदेशी विनिमय को नियन्त्रित करने वाला निम्नलिखित में से कौन है ?

(क) स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया

(ख) रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया

(ग) यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया

(घ) इण्डियन ओवरसीज बैंक । 1

17. निम्नलिखित में से कौन उद्योग कृषि आधारित नहीं है ?

(क) सूती वस्त्र उद्योग

(ख) चीनी उद्योग

(ग) सीमेन्ट उद्योग

(घ) जूट उद्योग । 1

18. आपरेशन फ्लड सम्बन्धित है

(क) बाढ़ नियन्त्रण से

(ख) सिंचाई से

(ग) दुग्ध उत्पादन से

(घ) मत्स्य उत्पादन से । 1

19. निम्नलिखित में से कौन कृषि निविष्टि नहीं है ?

(क) बीज

(ख) पूँजी

(ग) लगान

(घ) व्यापार । 1

[ Turn over



20. निम्नलिखित में कौन भारत के निर्यात की वस्तु है ?

(क) खनिज तेल

(ख) जूट निर्मित वस्तुएँ

(ग) मशीनें

(घ) मशीन के पुर्जे । 1

**( अति लघु उत्तरीय प्रश्न )**

21. मिट्टी के किन्हीं **दो** महत्वों का वर्णन कीजिए । 1 + 1

22. ऊर्जा के किन्हीं **दो** संसाधनों पर प्रकाश डालिए । 1 + 1

23. आर्थिक नियोजन से आप क्या समझते हैं ? स्पष्ट कीजिए । 2

( लघु उत्तरीय प्रश्न )

24. वनों के **तीन** महत्वों का वर्णन कीजिए । 1 + 1 + 1

**अथवा**

वन संरक्षण के लिए **तीन** उपाय सुझाइये । 1 + 1 + 1

25. भारत के किन्हीं **तीन** बहुउद्देशीय नदी घाटी परियोजनाओं के महत्वों का उल्लेख कीजिए । 1 + 1 + 1

**अथवा**

दामोदर घाटी परियोजना की स्थिति एवं महत्वों का वर्णन कीजिए । 1 + 2





( दीर्घ उत्तरीय प्रश्न )

26. उत्पादन का क्या तात्पर्य है ? उत्पादन के साधनों का वर्णन कीजिए । 1 + 1 + 1 + 1 + 1 + 1

**अथवा**

भारतीय अर्थव्यवस्था में लघु एवं कुटीर उद्योगों के महत्व पर प्रकाश डालिए । 3 + 3

27. भारत में बढ़ती जनसंख्या की किन्हीं **तीन** समस्याओं की विवेचना कीजिए । 2 + 2 + 2


**अथवा**

भारत में कागज उद्योग के कच्चे माल की उपलब्धता एवं प्रमुख केन्द्रों का वर्णन कीजिए । 3 + 3

## ( मानचित्र कार्य )


28. भारत के दिये गये मानचित्र में निम्नलिखित को प्रदर्शित कीजिए :

(i) इलाइची की पहाड़ियाँ ~ चिह्न द्वारा नाम सहित । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(ii) कपास उत्पादक एक प्रमुख क्षेत्र  चिह्न द्वारा । 1

(iii) विशाखापत्तनम् बन्दरगाह ⊙ चिह्न द्वारा नाम सहित । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iv) कावेरी नदी  चिह्न द्वारा नाम सहित । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(v) कोलकाता से मुगलसराय तक रेलमार्ग बीच के एक स्टेशन नाम सहित  चिह्न द्वारा । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$





## ( केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों हेतु मानचित्र कार्य के विकल्प के रूप में )

**निर्देश :** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए । मानचित्र का प्रयोग न करें ।

(i) नर्मदा और ताप्ती नदियों के मध्य कौन पर्वत है ? 1

(ii) चाय उत्पादक एक राज्य का नाम बताइए । 1

(iii) भिलाई किस राज्य में स्थित है ? 1

(iv) झारखण्ड की राजधानी का नाम लिखिए । 1

(v) काली मिट्टी के एक राज्य का नाम लिखिए । 1

**825(FE) - 6,00,000**

https://www.upboardonline.com
Whatsapp @ 9300930012
Send your old paper & get 10/-
अपने पुराने पेपर्स भैजे और 10 रुपये पायें,
Paytm or Google Pay से